दमण से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

Asli Azadi Dainik @AsliAzadiDainik | asliazadidainikofficial

# असली आज़ादी

The Voice of Union Territory Dadra and Nagar Haveli and Daman-Diu Since 2005

www.asliazadi.com

■ वर्ष: 21, अंक: 19 ■ दमण, सोमवार 06 अक्टूबर 2025, ■ पृष्ठ: 8 ■ मूल्य: 2 रु ■ RNI NO-DDHIN/2005/16215 ■ संपादक- विजय जगदीशचंद्र भट्ट

## राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दमण ने दिलीपनगर ग्राउंड पर विजयादशमी उत्सव और शस्त्र पूजन का किया आयोजन

■ दिलीपनगर ग्राउंड से शाम 4 बजे निकला पथ संचलनः राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वलसाड जिला सह कार्यवाह भरत गाला ने दिया मार्गदर्शन






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 05 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ दमण द्वारा 5 अक्टूबर 2025 को दिलीपनगर ग्राउंड पर विजयादशमी उत्सव और शस्त्र पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शाम 4 बजे से पथ संचलन हुआ। दिलीपनगर ग्राउंड से पथ संचलन निकलकर तीन बत्ती, चार रास्ता और पोस्ट ऑफिस होते हुए वापस दिलीपनगर ग्राउंड पर पहुंचकर संपन्न हुआ। जिसमें कुल 215 स्वयंसेवक और 21 घोष वादकों ने पूर्ण गणवेश में भाग लिया। इस अवसर पर मुख्य वक्ता भरतभाई गाला, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ वलसाड जिला सह कार्यवाह का मार्गदर्शन रहा। उन्होंने कहा कि संघ के पंच परिवर्तन, कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक कर्तव्य के माध्यम से समाज को सुसंगठित कर राष्ट्र निर्माण हो रहा है और विश्व में भारत की भूमिका काफी बढ़ी है। इस कार्यक्रम में दमण तालुका से पूर्ण गणवेश में 245 स्वयंसेवकों की उपस्थित रही। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण और प्रार्थना से हुई। शारीरिक प्रत्यक्षिक, अमृतवचन, सुभाषित, गीत के बाद शस्त्र पूजन के साथ कार्यक्रम पूर्ण हुआ। कार्यक्रम में नागरिकों, माताओं, बहनों एवं बच्चों के साथ कुल 300 से अधिक लोगों की उपस्थिति रही।

### दानह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का विजयादशमी उत्सव संपन्न

## सिलवासा की सड़कों पर आरएसएस के पथ संचलन में स्वयंसेवकों पर हुई फूलों की बरसात

■ मुख्य वक्ता तेज सिंह भदौरिया ने राष्ट्र निर्माण के लिए व्यक्ति निर्माण पर कर्मठ प्रयास करने का किया आह्वान





असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 05 अक्टूबर। दादरा नगर हवेली के सिलवासा की सड़कों पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष में विजयादशमी के अवसर पर और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने पर सहस्त्र शताब्दी वर्ष मनाया गया। जिसमें पथ संचलन कार्यक्रम विशेष रूप से आयोजित किया गया। इस बार सिलवासा के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ संचालन कार्यक्रम में हजारों की संख्या में लोगों ने भाग लिया। यह संघ शताब्दी वर्ष-राष्ट्र का उज्जवल भविष्य बनाने का संकल्प वर्ष रहा। इस कार्यक्रम में रविवार की दोपहर 3.30 बजे गायत्री मंदिर मैदान, छत्रपति शिवाजी महाराज चौक आमली सिलवासा से पथ संचलन की शुरूआत की गई, जो सिलवासा पुलिस स्टेशन - झंडाचौक- किलवणी नाका- नमो हॉस्पिटल - शहीद चौक होते हुए स्वामीनारायण मंदिर के सामने स्थित हवेली ग्राउंड पर यह पथ संचलन समाप्त हुआ। इसके पश्चात स्वयंसेवकों द्वारा प्रार्थना गीत और अन्य कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस कार्यक्रम में भारी संख्या में शहर के प्रबुद्ध लोगों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में अजीत खोडभाया, विशिष्ट अतिथि के रूप में भवर राजपुरोहित और मुख्य वक्ता के रूप में तेज सिंह भदौरिया ने लोगों को संबोधित किया। आज के 100 वर्ष पूर्व नागपुर में डॉ. हेडगेवार द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के उद्देश्यों की भी जानकारी दी। इस कार्यक्रम में सांसद कला डेलकर, सिलवासा नगरपालिका प्रमुख रजनी शेट्टी और पूर्व सांसद नटू पटेल सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अलावा प्रदेश के गणमान्य और बड़ी संख्या में ग्रामजन उपस्थित रहे। इस कार्यकम को शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए दादरा नगर हवेली पुलिस और विशेष तौर पर यातायात विभाग के साथ प्रशासन का सहयोग रहा।

## वैदिक डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में ग्रेजुएशन सेरेमनी का हुआ आयोजन

■ मुख्य अतिथि संघ प्रदेश श्रीडी भाजपा अध्यक्ष महेश आगरिया, अतिथि विशेष वैदिक डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के चेयरमैन पद्मश्री डॉ. एस. एस. वैश्य, डीएमसी प्रेसिडेंट अस्पी दमणिया, कॉलेज के डीन डॉ. सिन्हा ने उपस्थित रहकर 2020-2025 बैच के पासआउट छात्रों को प्रमाण पत्र प्रदान कर दी शुभकामनाएं






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 05 अक्टूबर। दमण के दलवाडा स्थित वैदिक डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर ने एजुकेशन सेरेमनी का आयोजन किया गया था। इस दौरान वैदिक डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के 2020-2025 बैच के पासआउट छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण-दीव के भाजपा अध्यक्ष महेश आगरिया ने पासआउट छात्रों को उज्वल भविष्य की कामना के साथ शुभकामनाएं दी। इसके साथ ही उन्होंने नये डेंटिस्ट की डिग्री हासिल करने वाले सभी छात्रों को पूरी निष्ठा और लगन के साथ सेवा देने के लिए प्रोत्साहित भी किया। इस मौके पर वैदिक डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के चेयरमैन पद्मश्री डॉ. एस. एस. वैश्य, डीएमसी प्रेसिडेंट अस्पी दमणिया, कॉलेज के डीन डॉ. सिन्हा ने भी छात्रों को उज्वल भविष्य की बधाई दी। इस अवसर पर बडी संख्या में वैदिक डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर के प्रोफेसर एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## डीडीए के नवरात्रि महोत्सव में बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले खेलैयाओं को किया गया पुरस्कृत

■ डीडीए चेयरमैन लखम टंडेल और उनकी टीम तथा डीएमएम ने गरबा क्वीन, गरबा किंग, बेस्ट मेल डांसर, बेस्ट फिमेल डांसर, बेस्ट ट्रेडिशनल फिमेल डांसर को पुरस्कार देकर किया प्रोत्साहित












असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दमण 05 अक्टूबर। डीडीए द्वारा दिलीपनगर ग्राउंड पर आयोजित नवरात्रि महोत्सव 2025 का भव्य समापन हो गया। डीडीए के नवरात्रि महोत्सव में बडी संख्या में गरबा खेलैयाओं ने शामिल होकर गरबा खेलने का आनंद लिया। गरबा खेलैयाओं को प्रोत्साहित करने के लिए डीडीए की ओर से बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले खेलैयाओं को पुरस्कृत किया गया। नवरात्रि महोत्सव को समापन अवसर पर डीडीए चेयरमैन लखम टंडेल और उनकी टीम तथा दिलीपनगर महिला मंडल की टीम ने पूरे नवरात्रि के दौरान बेहतरीन गरबा का प्रदर्शन और पोषाक के लिए गरबा क्वीन, गरबा किंग, बेस्ट मेल डांसर, बेस्ट फिमेल डांसर, बेस्ट ट्रेडिशनल फिमेल डांसर को पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया गया। नवरात्रि महोत्सव के सफल बनाने के लिए डीडीए की पूरी टीम ने अपना पूरा सहयोग और योगदान दिया।

## वलसाड में आरएसएस का विजयादशमी उत्सव, शताब्दी वर्ष समारोह मनाया गया






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, वलसाड 05 अक्टूबर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में विजयादशमी से देशभर में शताब्दी वर्ष समारोह की शुरुआत की है। 1925 में स्थापित संघ 2025 में 100 वर्ष पूरे करेगा, जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। विजयादशमी उत्सव के अवसर पर, वलसाड नगर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने दशहरे के दिन शहर में अनुशासित तरीके से तारियावाड़ सती माता मंदिर से हालर पादरदेवी माता मंदिर तक पथ संचलन का आयोजन किया। पथ संचलन का पूरे शहर में पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। 05 अक्टूबर को तड़केश्वर मंदिर अब्रामा में एक सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अनुशासित, गणवेशधारी स्वयंसेवकों ने दंड युद्ध, नियुद्ध, सूर्यनमस्कार व्यायाम योग और सामूहिक समता, घोष जैसे शारीरिक कार्यक्रम किए। कार्यक्रम के अंतर्गत अतिथियों एवं स्वयंसेवकों ने शस्त्र पूजन किया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. देवांग देसाई उपस्थित रहे और उन्होंने प्रेरक भाषण दिया। तत्पश्चात मुख्य भाषण आरएसएस के नवसारी विभाग प्रचारक मुकुंद जोगिया ने दिया। उन्होंने कहा कि संघ के 100 वर्ष पूरे होने के शताब्दी वर्ष समारोह के दौरान आने वाले समय में स्वयंसेवक घर-घर जाकर आरएसएस परिवार प्रचार, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वावलंबन और नागरिक कर्तव्य जैसे पांच विषयों पर समझ प्रदान करेंगे। धन्यवाद ज्ञापन नगर कार्यवाह कृणाल पंड्या ने किया तथा कार्यक्रम के बाद कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न स्टॉलों में पर्यावरण जागरूकता एवं सेवा विभाग की प्रदर्शनी लगाई गई थी। जिसमें मैं एआई स्वयंसेवक हूँ कार्य लोगों के लिए रोचक रहा। इस उत्सव में बड़ी संख्या में स्वयंसेवक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। अंत में माँ भारती को शिखर पर ले जाने के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## दादरा नगर हवेली और दमण-दीव में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के परिणामों पर आधारित प्रसार कार्यशाला का सफल आयोजन






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 05 अक्टूबर। संघ प्रदेश दादरा नगर हवेली और दमण एवं दीव में परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के निष्कर्षों के प्रसार हेतु यूटी/जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन 4 अक्टूबर 2025 को शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मसाट, सिलवासा में सफलतापूर्वक किया गया। इस कार्यशाला में संघ प्रदेश के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 100 प्रधानाध्यापक, शिक्षक, ब्लॉक संसाधन समन्वयक तथा क्लस्टर संसाधन समन्वयक ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्देश्य परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के परिणामों का गहन विश्लेषण, शिक्षण-अधिगम प्रक्रियाओं में सुधार तथा विद्यालय स्तर पर सीखने की गुणवत्ता बढ़ाने की रणनीति तैयार करना था। कार्यशाला की मुख्य संसाधन व्यक्ति परख, नई दिल्ली से पधारी मनी सोलंकी रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ जयेश भंडारी (शिक्षा अधिकारी - प्राथमिक शिक्षा, दादरा नगर हवेली) तथा डॉ. सतीश पटेल (जिला परियोजना समन्वयक, डीएनएच) द्वारा संसाधन व्यक्ति के स्वागत एवं अभिनंदन से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत परख की प्रमुख डॉ. इंद्राणी भदुरी के प्रेरक वीडियो संदेश से हुई। उन्होंने शिक्षा विभाग, डाइट दमण एवं समग्र शिक्षा टीम को परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के सफल आयोजन तथा परिणामों के प्रभावी प्रसार के लिए बधाई दी। अपने संदेश में उन्होंने वृहद मूल्यांकन प्रणाली, बोर्ड समकक्षता और समग्र प्रगति पत्र की अवधारणा पर विस्तार से जानकारी दी। जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों के अनुरूप है। इसके पश्चात मनी सोलंकी ने तकनीकी सत्र का संचालन किया। उन्होंने परख की दक्षता-आधारित मूल्यांकन प्रणाली, परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के उद्देश्य, पद्धति एवं आंकड़ों के विश्लेषण पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव के संघ प्रदेश, जिला और ब्लॉक स्तर के परिणाम, कक्षा-वार एवं विषय-वार दक्षता स्तर तथा छात्रों की सीखने की प्रवृत्तियों का विस्तृत विश्लेषण प्रस्तुत किया। दोपहर के सत्र में प्रतिभागियों ने समूह गतिविधियों के माध्यम से लर्निंग गएप्स की पहचान, विद्यालय स्तर पर सुधार की रणनीतियाँ तथा ब्लॉक एवं क्लस्टर स्तर पर कार्ययोजना एक्शन प्लान तैयार करने पर विचार-विमर्श किया। प्रत्येक समूह ने अपने निष्कर्ष एवं सुझाव प्रस्तुत किए, जिन्हें आगामी शैक्षिक योजनाओं में शामिल करने की अनुशंसा की गई। प्रतिभागियों ने इस कार्यशाला को अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस कार्यशाला से उन्हें अपने विद्यालयों में शिक्षण-अधिगम की गुणवत्ता सुधारने, छात्रों की सीखने की स्थिति को समझने और परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के परिणामों को व्यावहारिक रूप में लागू करने में सहायता मिलेगी। कार्यक्रम के समापन सत्र में रोहित शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने परख नई दिल्ली की टीम और संसाधन व्यक्ति मनी सोलंकी का हार्दिक आभार व्यक्त किया, जिन्होंने शिक्षण-अधिगम गुणवत्ता सुधार हेतु उपयोगी दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने विशेष रूप से जतिन गोयल, निदेशक (शिक्षा), दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव को उनके प्रेरक नेतृत्व और सतत मार्गदर्शन के लिए धन्यवाद दिया। साथ ही उन्होंने शिक्षा निदेशालय, अभी शिक्षा अधिकारी एवं प्राचार्य, डाइट दमण एवं समग्र शिक्षा टीम को भी इस कार्यशाला के सफल आयोजन में उत्कृष्ट समन्वय एवं सहयोग के लिए सराहा एवं धन्यवाद दिया। कार्यशाला के आयोजन में ब्लॉक रिसोर्स को-ऑर्डिनेटर्स टीम ने कार्यशाला समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यह उल्लेखनीय है कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 के राष्ट्रीय परिणामों में दादरा एवं नगर हवेली तथा दमण एवं दीव ने देश के सभी राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में पाँचवाँ स्थान (5वाँ रैंक) प्राप्त किया है, जो संघ प्रदेश के शिक्षकों, विद्यालयों और शिक्षा विभाग के समर्पित प्रयासों का परिणाम है। इस कार्यशाला के माध्यम से प्रतिभागियों ने संकल्प लिया कि परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 की रिपोर्ट से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर विद्यालयों में सीखने की गुणवत्ता बढ़ाने, छात्रों की दक्षताओं के आकलन को सुदृढ़ करने तथा राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप मूल्यांकन सुधार की दिशा में ठोस कदम उठाने के लिए निरंतर प्रयास किए जाएंगे।

## सिलवासा के क्लब हाउस में बिहार जन सेवा संघ दानह की हुई संगठनात्मक बैठक



असली आजादी न्यूज नेटवर्क, सिलवासा 05 अक्टूबर। प्रमुख गार्डन सोसायटी आमली सिलवासा के क्लब हाउस में आज बिहार जन सेवा संघ दादर नगर हवेली की संगठनात्मक बैठक आयोजित हुई। इस बैठक में अतुल प्रताप सिंह को बिहार जन सेवा संघ का अध्यक्ष नियुक्त किया गया, जिसकी घोषणा बिहार जन सेवा संघ के संस्थापक द्वारिकानाथ पांडे ने किया और सभी उपस्थित लोगों ने उनके नाम का समर्थन करतल ध्वनि से ताली बजाकर और हाथ उठाकर किया। अतुल प्रताप सिंह को अगले 2 वर्ष के लिए अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। बिहार जन सेवा संघ के संस्थापक द्वारिकानाथ पांडे ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले कमेटी का कार्यकाल पूर्ण हो गया था इसलिए नए अध्यक्ष का चुनाव किया गया। बिहार जन सेवा संघ हर 2 वर्ष पर नया अध्यक्ष का चुनाव करता है तथा कमेटी भी नहीं बनाई जाती है। बिहार जन सेवा संघ का उद्देश्य रहता है कि बिहार के हर प्रांत भाषा और जाति का बैलेंस करते हुए अध्यक्ष तथा कमेटी का चुनाव होता है और कोशिश रहती है कि हर समाज और क्षेत्र के लोगों को बारी-बारी से मौका मिले। इसी के तहत अतुल प्रताप सिंह बिहार के सिवान जिला के रहने वाले हैं और इनको इस वर्ष अध्यक्ष की जवाबदारी मिली है। अतुल प्रताप सिंह ने सभी के सामने संकल्प लिया कि अध्यक्ष के तौर पर मैं सभी को साथ में लेकर चलूंगा और ऐसा कार्य करूंगा जिससे समाज में प्रेम और बंधुता बनी रहेगी और समाज सेवा के लिए हमेशा आगे रहूंगा। आज के कार्यक्रम में बिहार के लगभग हर क्षेत्र के उद्योग धंधे, व्यवसाय तथा नौकरी पेशा के लोग शामिल थे। इस अवसर पर उपस्थित सदस्यों ने भी संकल्प लिया कि हम सभी मिलजुलकर बिहार समाज के विकास के लिए बिहार जन सेवा संघ का सहयोग करेंगे। कार्यक्रम का संचालन धीरज सिंह ने किया।

## घोघला में निःशुल्क आंख जांच कैंप का किया गया आयोजन






असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 05 अक्टूबर। निशव आई हॉस्पिटल ऊना, जायंट्स ग्रुप दीव और सिफा ऑप्टिकल घोघला केसहयोग से घोघला में आज एक निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. हेमल होथी लुणागरिया एम.एस.एप्थेलमोलोजी ने मरीजों की निःशुल्क नेत्र जांच की। इस दौरान लगभग 80 मरीजों ने अपनी आंखों की जांच करवाई। इस शिविर को सफल बनाने में जायंट्स ग्रुप ऑफ दीव के अध्यक्ष जमनादास घेड़िया, कादर कुरैशी, जिग्नाबेन और सदस्यों, सिफा ऑप्टिकल के सदस्यों ने पूरा सहयोग किया।

## 71वें राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह के उपलक्ष्य में दीव में प्रकृति शिक्षा शिविर का हुआ आयोजन




असली आजादी न्यूज नेटवर्क, दीव 05 अक्टूबर। 71वें राष्ट्रीय वन्यजीव सप्ताह 2025 के उपलक्ष्य में संघ प्रदेश थ्रीडी पर्यावरण एवं वन विभाग ने 4 और 5 अक्टूबर 2025 को दीव में दो दिवसीय प्रकृति शिक्षा शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण के बारे में जागरूकता पैदा करना, पारिस्थितिक अंतर्संबंधों की समझ को गहरा करना और प्रकृति संरक्षण गतिविधियों में युवाओं की भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। इस शिविर में रिलायंस फाउंडेशन के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. वरद गिरि और उनकी विशेषज्ञ टीम ने भाग लिया, जिन्होंने वन्यजीव और पारिस्थितिकी से संबंधित विभिन्न विषयों पर ज्ञानवर्धक व्याख्यानों की एक श्रृंखला प्रस्तुत की। सत्रों में दैनिक जीवन में प्रकृति का महत्व, हर्पेटोफॉनल विविधता और उनका संरक्षण, शेरों की ऐतिहासिक सीमा गिरावट और पुनरुत्थान, और पक्षी विविधता और पारिस्थितिकी जैसे विषय शामिल थे। इन इंटरैक्टिव सत्रों ने प्रतिभागियों को जैव विविधता संरक्षण और पारिस्थितिक लचीलेपन पर बहुमूल्य वैज्ञानिक अंतर्दृष्टि प्रदान की। गवर्नमेंट कॉलेज दीव के छात्रों और नेचर क्लब दीव के सदस्यों सहित 20 से अधिक प्रतिभागियों ने शिविर में सक्रिय रूप से भाग लिया। विशेषज्ञ व्याख्यानों के साथ-साथ, प्रतिभागियों ने दीव के विविध आवासों की खोज, स्थानीय वनस्पतियों और जीवों को उनके प्राकृतिक परिवेश में देखने और तटीय, आर्द्रभूमि और वन पारिस्थितिकी प्रणालियों की पारिस्थितिक गतिशीलता को समझने के लिए क्षेत्र सत्रों में भाग लिया। कहानी सुनाने के सत्र, इंटरैक्टिव गेम और समूह चर्चा सहित आकर्षक शिविर गतिविधियों ने उनके सीखने के अनुभव और प्रकृति के साथ संबंध को और बढ़ाया। प्रकृति शिक्षा शिविर ने कक्षा के ज्ञान को क्षेत्र-आधारित शिक्षा के साथ सफलतापूर्वक मिश्रित किया। जिससे प्रतिभागियों को दीव की जैव विविधता की समृद्धि और संरक्षण के महत्व की सराहना करने की प्रेरणा मिली।




स्वामीः मारुतिनंदन पब्लिक, संपादक, प्रकाशक व मुद्रक विजय जगदीशचंद्र भट्ट द्वारा गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल, नानी दमण - 396210 से प्रकाशित तथा असली आजादी प्रेस गाला नं. 7, तिरुपति इंडस्ट्रीयल एस्टेट, सोमनाथ मंदिर रोड, दाभेल नानी दमण - 396210 से मुद्रित।
(समाचारों के चयन के लिए संपूर्ण जिम्मेदारी पीआरबी एक्ट के अंतर्गत संपादक की होगी। किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र दमण न्यायालय के अधीन होगा।)